**संग्राम वाहन अनुसंधान तथा विकास स्थापन**
**रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार**
**आवडी, चेन्नई – 600 054**

**विज्ञापन संख्या – सीवीआरडीई/एचआर/जेआरएफ/2026-27**

# कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता (क.अनु.अ.) के लिए विज्ञापन – २०२६

भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले प्रमुख अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं में से एक, संग्राम वाहन अनुसंधान तथा विकास स्थापन (सीवीआरडीई), आवडी, चेन्नई – 600 054 निम्नानुसार भारतीय नागरिकों से अनुसंधान अध्येताओं की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित करती है। इच्छुक आवेदक जो पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं और कवचित लड़ाकू वाहन प्रौद्योगिकियों में अनुसंधान करने की इच्छा रखते हैं, को संलग्न प्रारूप ( अनुलग्न – क) में इस विज्ञापन के समाचार पत्र/रोजगार समाचार में प्रकाशित होने के 21 दिनों के भीतर आवेदन करना है।

## कुल रिक्तियां: १६ - कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता (क.अनु.अ.)

| संकाय | अनिवार्य अर्हता | रिक्तियाँ | पारिश्रमिक व अवधि |
|---|---|---|---|
| यांत्रिक अभियांत्रिकी | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से प्रथम श्रेणी में बी.ई./बी.टेक. तथा वैध गेट स्कोर<br>या<br>स्नातक एवं स्नातकोत्तर दोनों स्तरों पर प्रथम श्रेणी में एम.ई./एम.टेक.<br>(विदेशी विश्वविद्यालयों से डिग्री प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को 'भारतीय विश्वविद्यालय संघ', दिल्ली से समकक्ष प्रमाण – पत्र प्राप्त करना होगा।)<br>किसी भी संबद्ध  या समकक्ष अभियांत्रिकी संकाय को स्वीकार नहीं किया जाएगा। | ७ (सात) | *३७००० रुपये प्रति माह (समेकित छात्रवृत्ति/समेकित अध्येतावृत्ति परिलब्धि)<br>*नियमानुसार मकान किराया भत्ता और चिकित्सा सुविधाएँ देय)<br>*अध्येतावृत्ति प्रारंभ में दो वर्षों की समयावधि के लिए और नियमानुसार बढ़ाई जा सकती है। |
| विद्युत और विद्युतिकी अभियांत्रिकी | | २ (दो) | |
| विद्युतिकी और संचार अभियांत्रिकी | | ५ (पाँच) | |
| संगणक विज्ञान अभियांत्रिकी | | २ (दो) | |

**I. आवेदकों की आयु सीमा: (आवेदन की तिथि के अनुसार)**

| श्रेणी | आयु |
|---|---|
| i) अनारक्षित | 28 वर्षों से अधिक नहीं |
| ii) अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) | 31 वर्षों से अधिक नहीं |
| अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति | 33 वर्षों से अधिक नहीं |

**II. राष्ट्रीयता:** केवल भारतीय नागरिक आवेदन कर सकते हैं।

**III. आवेदन कैसे करें:**

(क) संगत दस्तावेजों के साथ भरा हुआ आवेदन पत्र ( अनुलग्न – क में दिए गए प्रारूप के अनुसार) निम्नलिखित पते पर भेजा जाए: -

**निदेशक**
**संग्राम वाहन अनुसंधान एवं विकास स्थापन (सीवीआरडीई)**
**रक्षा मंत्रालय, डीआरडीओ**
**अवडी, चेन्नई – 600 054**

डाक द्वारा आवेदन भेजने वाले अभ्यर्थी लिफाफे के ऊपर स्पष्ट रूप से लिखें:

**"अध्येता विज्ञापन – 2026 हेतु आवेदन पत्र"**

या

पीडीएफ प्रारूप में सहायक दस्तावेजों के साथ आवेदन पत्र निम्न ई-मेल पर भेज सकते हैं: **pmhr.cvrde@gov.in**

(ख) सीवीआरडीई को आवेदन पत्र भेजने की अंतिम तिथि इस विज्ञापन के रोजगार समाचार/राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय समाचार पत्रों में प्रकाशित होने की तिथि से 21 दिनों के भीतर आवेदन प्राप्त हो जाना चाहिए।

**IV. संलग्नीय दस्तावेज**

(क) जन्म तिथि, अनिवार्य एवं उच्चत्तर शैक्षणिक योग्यता के साथ-साथ, अंकपत्रों और गेट-स्कोर और जाति प्रमाणपत्र इत्यादि की स्वप्रमाणित प्रतियां। यदि कोई दस्तावेज/प्रमाणपत्र अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में हो तो उसका स्वप्रमाणित अंग्रेजी अनुवाद संलग्न किया जाए।

(ख) नियमित सेवा में स्थायी/अस्थायी रूप से कार्यरत उम्मीदवारों को स्क्रीनिंग/लिखित परीक्षा (प्रारूप संलग्न) के समय संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारी/वर्तमान नियोक्ता से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

**V. सीवीआरडीई, आवडी में लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार**

(क) चयनित उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार) एवं साक्षात्कार की तिथि, समय एवं स्थान की सूचना केवल ईमेल द्वारा दी जाएगी।

(ख) उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय मूल प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने होंगे।

(ग) प्रमाणत्र सत्यापन के बाद लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार) आयोजित की जाएगी।

(घ) लिखित परीक्षा में चयनित उम्मीदवारों का उसी दिन सीवीआरडीई में साक्षात्कार होगा।

(ड़) उम्मीदवारों को प्रक्रिया पूरी करने हेतु एक या दो दिन अतिरिक्त रुकने के लिए तैयार रहना चाहिए।

(च) चेन्नई में रहने एवं यात्रा की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

**VI. चयन प्रक्रिया**

(क) बी.ई./बी.टेक./एम.ई./एम.टेक.के अंकों के आधार पर चयनित उम्मीदवारों की सीवीआरडीई, आवडी, चेन्नई – 600 054 में लिखित परीक्षा होगी।

(ख) लिखित परीक्षा में असफल उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु नहीं बुलाया जाएगा।

(ग) उपर्युक्त के अतिरिक्त निदेशक, सीवीआरडीई के स्व-विवेकाधिकार से अन्य परीक्षण भी आयोजित किए जा सकते हैं।

(घ) चयन के बाद लिखित परीक्षा, साक्षात्कार अथवा नियुक्ति हेतु कोई यात्रा भत्ता/महँगाई भत्ता नहीं दिया जाएगा।

**VII. चेतावनी**

यदि चयन के किसी भी चरण में गलत जानकारी, तथ्य छिपाना, अनुचित व्यवहार अथवा कदाचार पाया जाता है, तो उम्मीदवारी बिना किसी सूचना के रद्द कर दी जाएगी और इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

**VIII. सामान्य निर्देश**

(क) उम्मीदवार आयु, अनिवार्य योग्यता के संबंध में अपनी पात्रता स्वयं सुनिश्चित करें।

(ख) केवल वही उम्मीदवार पात्र हैं जिन्हें डिग्री या प्रोविजनल डिग्री प्राप्त हो चुकी हो।

(ग) डीआरडीओ के प्रयोगशालाओं/केंद्रों में पूर्व में कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्ति प्राप्त कर चुके उम्मीदवार पुनः आवेदन के पात्र नहीं हैं।

(घ) संबद्ध या समकक्ष अभियांत्रिकी संकाय स्वीकार्य नहीं होगी। इसी प्रकार से, बी.ई./बी.टेक. अभियांत्रिकी संकाय से संबंधित एम.ई./एम.टेक. अभियांत्रिकी संकाय ही स्वीकार्य हैं।

(ड़) समय सीमा के भीतर प्राप्त आवेदनों में से चयनित उम्मीदवारों को ही आगे लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के लिए ई-मेल द्वारा सूचना दी जाएगी।

(च) केवल चयनित उम्मीदवार ही लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में सीवीआरडीई द्वारा भेजे गए प्रवेश-पत्र की प्रति के साथ शामिल हो सकेंगे।

(छ) किसी भी प्रकार के अपडेट के लिए उम्मीदवार डीआरडीओ की वेबसाइट **(https://drdo.gov.in)** देखें।

(ज) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर एवं ईमेल न बदलें क्योंकि महत्वपूर्ण सूचनाएँ एसएमएस/ई-मेल के जरिए ही दी जाएंगे।

(झ) लिखित परीक्षा के प्रारंभ से पूर्व ही उम्मीदवारों को सत्यापन हेतु सभी मूल प्रमाणपत्रों को प्रस्तुत करना होगा। रिपोर्टिंग के समय सभी दस्तावेजों का एक स्वप्रमाणित सेट जमा करना होगा।

(ञ) साक्षात्कार के समय उम्मीदवारों को एक पहचान पत्र जैसे - आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, पैन कार्ड, वोटर आईडी इत्यादि में से कोई एक मूल पहचान पत्र लाना होगा।

(ट) साक्षात्कार के समय अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर) के उम्मीदवारों को सक्षम प्राधिककारी से प्राप्त मूल जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

(ठ) अध्येतावृत्ति अनुदान पर किसी का अधिकार मान्य नहीं है। उम्मीदवार का चयन पूर्णतया निदेशक, सीवीआरडीई के स्वविवेक पर निर्भर करेगा।

(ड) अध्येतावृत्ति का प्रस्ताव प्रचलित नियमानुसार सीमित अवधि के लिए पूर्णतया अस्थायी प्रकृति का है तथा इसे डीआरडीओ में स्थायी नियुक्ति का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

(ढ) निदेशक, सीवीआरडीई के अनुमोदन के पश्चात उम्मीदवार को अध्येतावृत्ति की समयावधि के दौरान किसी भी विश्वविद्यालय/संस्थान के साथ अंशकालिक (पार्ट-टाइम) पीएचडी के लिए पंजीकरण करने की अनुमति दी जा सकती है।

(ण) अनुसंधान अध्येतावृत्ति को कार्यकाल के दौरान किसी भी समय एक माह के अग्रिम सूचना के साथ समाप्त किया जा सकता है। इसका त्यागपत्र एक माह के अग्रिम नोटिस के साथ दिया जा सकता है।

(त) सीवीआरडीई को इस विज्ञापन में संशोधन/परिवर्तन या इसे किसी भी समय रद्द करने का अधिकार है।

(थ) किसी भी विवाद का निपटारा केवल मद्रास/चेन्नई (तमिलनाडु) के अंतर्गत आने वाले न्यायालय/अधिकरण में ही होगा।

(द) निदेशक, सीवीआडीई के पास बिना किसी पूर्व सूचना के उम्मीदवारी रद्द करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित है।

(ध) सीवीआरडीई, आवडी चेन्नई सेंट्रल रेलवे स्टेशन से 25 किमी और किलोम्बाकम बस स्टैंड से 38 किमी दूर स्थित है।

**IX महत्वपूर्ण मेल / संपर्क विवरण:**

(क) पत्राचार के लिए ई-मेल पता : pmhr.cvrde@gov.in

(ख) किसी अन्य संबंधित पूछताछ के लिए, कार्य-दिवसों (सोम से शुक्र) में 0930-1700 बजे के दौरान 044-26362136 पर संपर्क करें।

**विज्ञापन संख्या – सीवीआरडीई/क.अनु.अ./एचआर/2026-27**

***(अनुलग्नक - क)***

**सीवीआरडीई, डीआरडीओ में कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्ति हेतु आवेदन**

हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाएँ

**1.** विषय /संकाय:________________________________________________

**2.** पूरा नाम (बड़े अक्षरों में):____________________________________________

**3.** पिता / पति का नाम: ____________________________________________

**4.** (क) वैवाहिक स्थिति (विवाहित / अविवाहित): ___________ (ख) राष्ट्रीयता: _________________

**5.** (क) श्रेणी (**GEN/SC/ST/OBC/PH/3rd Gender**): ________ (ख) जन्म तिथि: ______________

(ग) आवेदन की तिथि के अनुसार आयु: __________ वर्ष _______ माह __________दिन

**6.** पत्राचार का पता: ________________________________________________

________________________________________________

________________________________________________

**State:** ______________________________**Pin code:** ______________________________

संपर्क सूत्र: लेंडलाइन(एसटीडी कोड सहित) __________________________ मोबाइल नंबर:____________________________

ई-मेल **:** ________________________________________________

**7.** स्थायी आवासीय पता: ________________________________________________

________________________________________________

________________________________________________

राज्य: ________________________________ पिन कोड: ________________________________

8. शैक्षणिक योग्यता (SSC/मैट्रिक से आगे; स्वप्रमाणित प्रतियां संलग्न की जाएं)

| उत्तीर्ण परीक्षा | विषय | विश्वविद्यालय/बोर्ड | उत्तीर्णता - वर्ष | डिवीजन/क्लास | प्रतिशत/CGPA |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

9. अनुभव (यदि कोई हो)

| संस्था | पद/संकाय | सेवावधि | | छोड़ने का कारण |
|---|---|---|---|---|
| | | से | तक | |
| | | | | |
| | | | | |

10. क्या आपने UGC/CSIR/NET/GATE परीक्षा उत्तीर्ण की है: (हाँ/नहीं)

यदि हाँ, विवरण दें (प्रमाण संलग्न करें)।

11. अन्य कोई सूचना:

**घोषणा**

मैं एतद्वारा यह घोषणा करता/करती हूँ कि ऊपर दिए गए सभी विवरण मेरी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार सही हैं तथा मैंने कोई भी सूचना नहीं छिपाई है। यदि किसी भी समय मेरे द्वारा दी गई जानकारी गलत या भ्रामक पाई जाती है, तो मेरी अध्येतावृत्ति बिना किसी पूर्व सूचना के तत्काल समाप्त की जा सकती है। मैं, मुझे सौंपे गए कार्यों को करने एवं छोड़ने के लिए तैयार हूँ।

स्थान:

दिनांक:

**उम्मीदवार के हस्ताक्षर**

**विज्ञापन संख्या – सीवीआरडीई/क.अनु.अ./एचआर/2026-27**

***(अनुलग्नक - ख)***

## कैडर कंट्रोलिंग अथॉरिटी (CCA) को सूचना संबंधी घोषणा

प्रमाणित किया जाता है कि मैं, ______________________________________________ के कार्यालय में _________________________ के पद पर नियमित / तदर्थ / संविदा आधार पर दिनांक ________________से कार्यरत हूँ। मैं ₹___________ के पे-बैंड तथा ₹__________ के ग्रेड-पे पर / ₹ __________ प्रति माह के समेकित वेतन पर कार्य रहा / रही हूँ।

यह भी प्रमाणित किया जाता है कि मैंने अपने कैडर नियंत्रण प्राधिकारी (CCA) को सूचित कर दिया है कि मैं सीवीआरडीई, आवडी, चेन्नई में _________ पद के लिए आवेदन कर रहा/रही हूँ।

(*जो लागू न हो उसे काट दें)

(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

---

**विज्ञापन संख्या – सीवीआरडीई/क.अनु.अ./एचआर/2026-27**

***(अनुलग्नक - ग)***

## अनापत्ति प्रमाणपत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/ सुश्री _____________________इस कार्यालय में _____________ के पद पर नियमित / तदर्थ / संविदा आधार पर दिनांक ________________से कार्यरत हैं। वे ₹_________ के पे-बैंड तथा ₹ ________ के ग्रेड-पे / ₹__________ प्रति माह के समेकित वेतन पर कार्य कर रहे / रही हैं।

इस कार्यालय को डीआरडीओ में _________ पद हेतु उनकी उम्मीदवारी पर विचार किए जाने पर कोई आपत्ति नहीं है। चयनित होने पर उन्हें उनकी नियुक्ति की शर्तों के अनुसार कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

(* जो लागू न हो उसे काट दें)

**(कार्यालय प्रमुख के हस्ताक्षर एवं मुहर)**